<u>प्रसार भारती</u>

<u>भारतीय प्रसारण निगम</u>

<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>16.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे</u>

प्रधानमंत्री – स्टार्टअप इंडिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्टार्टअप इंडिया पहल के एक दशक पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री भारत के जीवंत स्टार्टअप इको सिस्टम के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे। इस अवसर पर स्टार्टअप प्रतिनिधि अपने उद्यमशीलता के सफर से जुड़े अनुभव भी साझा करेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने केंद्र के समक्ष प्रदेश के सेब उत्पादकों के हितों की पैरवी करते हुए सेब पर शत प्रतिशत आयात शुल्क लगाने का आग्रह किया है। कल नई दिल्ली में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बैठक में उन्होंने विदेशी सेबों के बढ़ते आयात से राज्य के सेब उत्पादकों को हो रही भारी क्षति से उन्हें अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने लगभग अढ़ाई लाख सेब उत्पादकों के हितों के लिए सेब को 'विशेष श्रेणी' में शामिल करने की मांग की ताकि प्रदेश के किसानों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा से संरक्षण मिल सके। मुख्यमंत्री ने न्यूजीलैंड के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में यहां से सेब आयात अढाई गुना बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि अप्रैल से अगस्त के दौरान न्यूजीलैंड के सेब पर 25 प्रतिशत शुल्क छूट के कारण कोल्ड स्टोरेज में रखे गए हिमाचल के सेब के दाम गिर रहे हैं, जिससे ऑफ–सीजन व्यापार पूरी तरह प्रभावित हो रहा है।

जे पी नड्डा

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल नई दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भेंट की। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से हिमाचल प्रदेश से जुड़ी परियोजनाओं से संबंधित मुद्दों को केंद्र सरकार के समक्ष रखने और प्रदेश के विकास में सहयोग का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ करने सहित स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास से जुड़ी परियोजनाओं व आयुष्मान भारत योजना में केन्द्रीय सहयोग की भी मांग की। इस दौरान जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचल को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

कांग्रेस पुनर्गठन

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस संगठन के पुनर्गठन को लेकर आज दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल करेंगी, जबकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता इसमें भाग लेंगे। बैठक में जिला, ब्लॉक और प्रदेश स्तर पर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा होगी। "वन मैन–वन पोस्ट" सिद्धांत को सख्ती से लागू करते हुए कांग्रेस नेतृत्व ने इस बार संगठन का आकार छोटा रखने का निर्णय लिया है, ताकि कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी और सक्रिय बन सके।

जीरो टॉलरेंस

चम्बा जिला को नशा मुक्त बनाने व नशा तस्करी की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य राज्य कर एवं आबकारी विभाग निरंतर प्रयासरत हैं। जिला में नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है और नशा तस्करी से जुड़े लोगों के खिलाफ निरंतर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे चंबा जिला संवाददाता

चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने सभी उपमंडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं की वे अपने–अपने क्षेत्र में गठित नशा निवारण समितियों को और अधिक मजबूत करें तथा उनमें पुलिस व पंचायती राज विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को शामिल करें ताकि ग्रामीण व दुर्गम क्षेत्रों में भी नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम और अधिक मजबूत व कारगर सिद्ध हो सके।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कल नई दिल्ली स्थित संसद भवन में आयोजित 28वें अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में पूरा विश्व एक मंच पर विश्व स्तर पर ज्वलंत व समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा कर उनका समाधान निकालने का प्रयास करता है और वैश्विक शांति व लोकतंत्र की मज़बूती का मार्ग भी प्रशस्त करता है। कुलदीप सिंह पठानिया ने उम्मीद जताई कि सम्मेलन के दौरान चर्चा के लिए लाए गए विषयों से देश व दुनिया को नई दिशा मिलेगी।